# निरोगी काया के लिए कुछ बदलें कुछ सुधारें आदतें



डॉ. अंशुल उपाध्याय

अगर आप बीमार हैए और इलाज ढूंढ रहे हैं तो आपको अपनी बीमारी पर चारो तरफ से वार करने की आवश्यकता है। कहने का तात्पर्य ये है किए जब भी आपको मामूली बुखारए या सर्दी.खांसी होता है तो आप डॉक्टर के पास जाकर एलोपैथी दवाई ले आते हैं। और तीन-चार दिन में ठीक हो जाते हैं। उसके बाद फिर उसी रूटीन लाइफ में आ जाते हैं। परंतु वह तीन-चार दिन भी जब आप बीमार हुए थे तब आपका शरीर तो अंदर से कमजोर हो गया और फिर कुछ दिनों बाद वापस वही सर्दी खांसी आपको लौट कर आएगी। एलोपैथी तुरंत आराम तो दे देती है पर वो आपके मर्ज को सिर्फ दवा कर रखती हैं उसे पूरा तरह से ठीक नहीं करती। ठीक तो आपके शरीर को खुद आपका शरीर ही करता है। इसलिए अगर किसी भी बीमारी का आप जड़ से इलाज चाहते हैं तो अपनी दैनिक जीवन चर्या में कुछ चीजों को आपको शामिल करना होगा।

व्यायाम.प्राणायाम बने जीवन का हिस्सा

रोज प्रातः हल्का पैदल चलना या कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए। उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम भी अवश्य करें। यह हो गया शारीरिक और मानसिक व्यायाम। ये न केवल आपको ओबेसिटी पर प्रहार करेगा बल्कि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाएगा।

भोजन को चुनने में रखे सावधानी

आपको अपने भोजन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हफ्ते में अगर आप दो दिन तला भुंजा खा रहे हैं तो 4 दिन सादा भोजन करें। हो सके तो हफ्ते में एक दिन 15 से 20 घंटे का उपवास अवश्य करें। इसके पश्चात भोजन में आप क्या ग्रहण कर रहे हैंए उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। क्योंकि जो अनाज आप खा रहे हैंए वह विभिन्न तरह के रसायनिक छिड़काव होने के बाद आपको प्राप्त हो रहा है। अगर आप उसे खा रहे हैं तो बीमारियों को खुद निमंत्रण दे रहे हैं। इसके विपरीत यदि आप जैविक खेती के द्वारा उत्पन्न कीटनाशी मुक्त अनाज जिसको कि आप ऑर्गेनिक कहते हैं वह खा रहे हैं, तो उसके द्वारा बहुत सी बीमारियों की संभावनाओं को तो आपने वैसे ही दूर कर दिया है। क्योंकि जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही रहेगाआपका मन कीटनाशी युक्त भोजन आपके पेट में जाकर आपको नुकसान ही पहुंचाता हैए आपके शरीर में यूरिया की मात्रा को बढ़ा देता है। किडनी, लीवर की समस्याएं बढ़ाने वाला है। साथ ही साथ कई तरह के कैंसर सेल के विकास में भी यह कीटनाशी सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि भले थोड़ा महंगा अनाज खरीदे पर ऑर्गेनिक अनाज ही खरीदे और खाए। कीटनाशक युक्त अनाज और सब्जियां पाचन में भी अधिक समय लेते हैं। और यह जितने समय तक आपके शरीर के अंदर के फंक्शन में सफर करते रहते हैं, उतना ज्यादा उसके हार्मफुल इफेक्ट आपके शरीर को होते हैं जिनमें कब्ज, एसिडिटी की समस्या तो आम बन गई है।

भोजन पकाने के बर्तनों पर भी दे ध्यान

पीतलए तांबे के बटुए में बना हुआ भोजन ही खाएं। पीतल के बटुए को भीतर से रांगा की पॉलिश करवा लें इससे दही मट्ठेका भी अगर आप प्रयोग करके कुछ बना रहे हैं तो वह नुकसान नहीं करेगा। साथ ही एल्युमिनियम के बर्तनों को आपने किचन से निकाल दीजिए। बिल्कुल बहिष्कृत कर दीजिए। चाहे कढ़ाई हो, कुकर हो या भगोने हो। क्योंकि, एल्युमिनियम में ऐसा तत्व पाया जाता है जो आपकी याददास्त को प्रभावित करता है और यह धीरे.धीरे आपके भूलने की प्रवृत्ति को बढ़ाता जाता है। हमारे देश में पहले एल्युमिनियम का उपयोग नहीं किया जाता था। पर जब अंग्रेज भारत आए तो अपने साथ एल्युमीनियम ले कर आए और उसका कारण भी यही था कि भारत के लोग जो इतने बुद्धिमान और सृजनशील थे तो इनके दिमाग को सुस्त करके इन पर राज कैसे किया जाए। इसलिए, अंग्रेजों ने एल्युमिनियम के बर्तनों का चलन भारत में बढ़ा दिया। सस्ता होने के कारण लोग उन्हें खूब खरीदने भीलगे। अंग्रेज स्वयं तो पीतल, तांबे और सोने, चांदी के बर्तन उपयोग करते थे। कांच के और चीनी मिट्टी के बर्तन उपयोग करते थे। पर भारतीयों को उनके पीतल और कांसे से उन्होंने धीरे.धीरे दूर कर दिया। आज लगभग हर घर में आपको एल्युमिनियम के कढ़ाई, कुकर आसानी से देखने मिल जाएंगे जो कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। एलोपैथी दवाइयों का उपयोग करें सीमितः अगर आप स्वस्थ रहना चाहते है तो एलोपैथिक दवाइयों से भी थोड़ी दूरियां बना लें। थोड़ी बहुत सर्दी.खांसी के इलाज के लिए दो या तीन दिन तक तो आप कोई भी दवाई ना खाएं घर पर ही बना तुलसी-अदरक का काढ़ा पीएएजिसमें हल्दी.गुड़ का उपयोग भी कर सकते हैं। विटामिन सी युक्त पदार्थ नींबू ए मौसंबी ए आंवला का भी प्रयोग करते रहना चाहिए। जो भी जिस सीजन में आपको उपलब्ध हो। इस तरह से घरेलू उपाय कीजिए। यदि बहुत अधिक बड़ी कुछ समस्या है जिसका घर पर इलाज संभव नहीं है उसके लिए ही एलोपैथी की तरफ जाए कहने का तात्पर्य ये है कीए जरा सा सर दर्द हुआ थोड़ा बॉडी एक हो रहा हैए थोड़ी सर्दी खांसी हो गई फटाफट एलोपैथी गोली खाली ये कितना आसान है पर इससे आपको एक या दो दिन में आराम तो मिल जाएगा पर उसके जो साइड इफेक्ट होंगे वह आपकी बॉडी के जो इंटरनल ऑर्गेन्स हैए उनकोएआपकी नसों को ब्लॉक करने में और अन्य दूसरे बीमारियों को जनित करने में आपका योगदान निभाते रहेंगे। इसलिए जितना हो सके एलोपैथी से परहेज कीजिए, अगर आप युवा हैए बच्चे हैं तो आप पूरी तरह से एलोपैथी को ना कर सकते हैं। आपके शरीर में खुद अपने आप इम्यून होने की क्षमता होती है।

पीने के पानी पर भी दें ध्यानः पानी से ही हमारा शरीर बना है और हमारे शरीर में पानी की मात्रा ही सबसे अधिक होती है। सो पीने के लिए हमेशा नेचुरल पानी का ही उपयोग करना चाहिए। प्लास्टिक की बोतलों में अगर पानी आप ले रहे हैं तो पहले इसे मटके में डालिए और उसके बाद उपयोग कीजिए और अधिक शुद्ध करना चाहते हैं तो ठंड के समय में तांबे.पीतल के घड़े में पानी रखिए इसके भीतर एक चांदी का सिक्का डाल दीजिए और गर्मियों के समय में मिट्टी के घड़े में पानी रखिए और इसके अंदर एक तांबे का और एक चांदी का सिक्का डाल दीजिए इसके बाद जो आप यह पानी पियेंगे तो यह पूरी तरीके से शुद्ध पानी होगा। जो आपके शरीर में जाएगा। आरओओ के पानी का पीएचएएवी समय.समय पर चेक करवाते रहें। ऊपर जो लिखा है आपको बस इतना ही करने की आवश्यकता हैए यह सब कार्य आपके शरीर को इतना मजबूत बना देंगे किए आपका शरीर छोटी.बड़ी बीमारियों से खुद ही अपने आप को इम्यून कर लेगा और आपको कभी भी किसी भी दवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी तथा बड़ी से बड़ी बीमारी से भी आपका शरीर बचा रहेगा।

# क्या सच में पहली नजर का प्यार टिकता है!

को पूरी तरह समझ लिया। हर किसी के अच्छे और बुरे पहलू होते हैं, जो धीरे-धीरे सामने आते हैं। इसलिए, जल्दी में किसी रिश्ते को आगे बढ़ाने की बजाय पहले दोस्ती करें, उसके विचारों और जीवनशैली को जानें। इस प्रक्रिया से आप यह जान पाएंगे कि क्या यह रिश्ता आपकी ज़िंदगी में खुशियां और संतोष ला सकता है या नहीं। प्यार के अलावा रिश्ते को टिकाऊ बनाने के लिए यह देखना ज़रूरी है कि आपके और उस साथी के जीवन के लक्ष्य और सोच किस हद तक एक समान हैं। उदाहरण के लिए, आपके करियर के लक्ष्य, परिवार के प्रति आपके विचार, जीवनशैली, और भविष्य की योजनाएं अगर अलग-अलग हों, तो रिश्ते में समस्याएं आ सकती हैं। यह जरूरी नहीं कि सब कुछ पूरी तरह एक जैसा हो, लेकिन कम से कम एक-दूसरे की प्राथमिकताओं और सपनों को समझना और सम्मान देना बहुत मायने रखता है। जब दो लोग एक ही दिशा में साथ चलने का फैसला करते हैं, तभी उनका रिश्ता मजबूत और स्थायी बनता है। रिश्ते कोई दौड़ नहीं होते कि जितनी जल्दी शुरुआत होगी उतना बेहतर। कई बार हम दिल की तेजी में, अपने अकेलेपन या सामाजिक दबाव की वजह से जल्दी में रिश्ते में कूद जाते हैं। इससे कई बार रिश्ते कमजोर पड़ जाते हैं और टूट जाते हैं इसलिए रिश्ते की शुरुआत में धैर्य और समझदारी बहुत जरूरी है। धीरे-धीरे एक-दूसरे को जानें, दोस्त बनें और विश्वास बढ़ाएं। इससे आप एक मजबूत और स्थायी रिश्ता बना पाएंगे, जो सिर्फ रोमांटिक अहसासों पर नहीं, बल्कि भरोसे और समझदारी पर आधारित होगा। प्यार एक अनमोल भावना है, जो दिल को छू जाती है। लेकिन केवल दिल से प्यार करना ही काफी नहीं होता, रिश्ते को निभाने के लिए दिमाग की भी जरूरत होती है। मतलब यह कि जब आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसके साथ जुड़े फैसलों में अपनी भावनाओं को साथ-साथ तर्क और समझदारी का भी सहारा लें। यह सोचें कि क्या यह रिश्ता आपके लिए सही है, क्या आप दोनों की सोच और जीवनशैली मेल खाती है, और क्या आप भविष्य में एक साथ खुश रह सकते हैं।

# आगामी विधानसभा चुनाव में छोटे दलों की क्या होगी भूमिका ?



अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और सभी पार्टियों ने तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाली एनडीए सरकार को आरजेडी की अगुवाई वाला महागठबंधन चुनौती दे रहा है। भाजपा के बड़े नेताओं के बिहार के लगातार दौरे हो रहे है । पिछले कुछ महीनों से बिहार के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इसी क्रम में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में एक बार फिर बिहार पहुंचे हैं, जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें गंगा पर बना 6 लेन वाला पुल भी शामिल है। इसके अलावा वैशाली से कोडरमा के बीच का बुद्ध सर्किट ट्रेन की शुरूआत भी हुई। इस बीच चुनाव में छोटी-छोटी पार्टियां भी बड़ी भूमिका अदा करने के लिए तैयार दिख रही हैं। ये छोटी पार्टियां भले ही कम सीटों पर अपना असर दिखाएंगी, लेकिन चुनाव के बाद बनने वाले सियासी परिदृश्य में किंगमेकर की भूमिक निभा सकती हैं।

इतिहास पर नजर डाले तो बिहार में 2020 का विधानसभा चुनावों बेहद रोमांचक साबित हुआ था। इसका एक कारण छोटे दलों का मजबूत प्रदर्शन था। 11 सीटों पर फैसला एक हजार से भी कम वोटों से हुआ, और 26 सीटों पर 1 प्रतिशत से 2 ।5 प्रतिशत के अंतर से जीत हासिल हुई थी। इसमें जद (यू) के कृष्ण मुरारी शरण (प्रेम मुखिया) की जीत भी शामिल है। उन्होंने हिलसा विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ 12 वोटों से जीत हासिल की, जो बिहार के इतिहास में कम से कम 14 चुनावों में सबसे कम अंतर से जीत थी।

मुख्य मुकाबला भाजपा और जद(यू) के नेतृत्व वाले एनडीए और राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच था, लेकिन हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), विकासशील इंसान पार्टी (VIP), राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (उपेंद्र कुशवाहा), जन अधिकार पार्टी (पप्पू यादव), जैसी कई छोटी पार्टियों ने उन सीटों पर चुनाव लड़ा जहां उनकी जाति या समुदाय का अच्छा प्रभाव है। सीटों की संख्या कम होने के बावजूद, उन्होंने मुकाबले को और व्यापक बनाया और पारंपरिक वोट बैंक को विभाजित किया।

मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी की स्थापना 2018 में हुई । विकासशील इंसान पार्टी शुरू में महागठबंधन के साथ थी लेकिन सीट बंटवारे को लेकर हुए विवाद और उनके अनुसार राष्ट्रीय जनता दल द्वारा छोटे दलों को अहमियत न देने के कारण मुकेश सहनी ने गठबंधन छोड़ दिया। 2020 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने ठउ्अ में शामिल होकर 11 सीटों पर चुनाव लड़ा जिनमें से पार्टी ने 4 सीटें जीती। हालांकि खुद मुकेश सहनी चुनाव हार गए। VIP पार्टी वोट शेयर में 1 ।52% भागीदार रहे। VIP 2025 में 60 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। सहनी इस समय विपक्षी महागठबंधन का हिस्सा है जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (RJD), कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां शामिल हैं। मुकेश सहनी ने 60 सीटों की मांग करते हुए ये दावा किया कि उनकी पार्टी 150 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है।

दूसरी ओर, अख्तरुल ईमान के क्षेत्रीय नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने 2020 में बिहार की राजनीति में प्रवेश किया, जहां उसने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से पांच मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में थीं। 1.24 प्रतिशत वोट शेयर के साथ, एआईएमआईएम ने किशनगंज, अररिया, पुरीना और कटिहार में प्रभाव बनाया है, जो सीधे तौर पर मुस्लिम मतदाताओं पर कब्जा जमाकर आरजेडी को चुनौती दे रहा है। घुसपैठियों के खिलाफ भाजपा के अभियान के बावजूद, इसका असर महागठबंधन पर पड़ सकता है।

बिहार विधानसभा चुनाव में वाम दल (लेफ्ट पार्टियाँ) अब महागठबंधन का अहम हिस्सा बन गए हैं। 2020 में तीन वाम दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी CPI(M) ने मिलकर 243 में से 29 सीटों पर चुनाव लड़े थे जिनमें से उन्होंने 16 सीटें जीती थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने अकेले ही 12 सीटों पर जीत पायी थी। सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने हाल ही में मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी 40 से 45 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

इन दलों के अलावा बिहार के और दलों मेंपूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) है। जीतन राम मांझी बिहार के एक बड़े दलित नेता के जैसे जाने जाते हैं। ल्त्रअट पार्टी 2015 में स्थापित हुयी थी। 2015 के चुनावों में हम ने अकेले 21 सीटों में चुनावो लड़ा था जिसमें से केवल 1 सीट पर उन्हें जीत मिली थी और लगभग 2% वोट हासिल किये थे। वहीं 2020 के चुनाव में हम ने जेडीयू के साथ लड़ा था और 7 सीटों में से 4 सेटों पर जीत हासिल की थी। हालाँकि इनका वोट शेयर 0.8% था फिलहाल ये एनडीए गुट में हैं।

उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी जो एनडीए में शामिल है। कुशवाहा ने RLSP 2013 में जेडीयू से अलग होने पर बनायीं थी मगर वो एनडीए के साथ एक ही गुट में हैं। इस पार्टी को ज्यादातर कोरी और कुशवाहा समाज का वोट मिलता है जो बिहार की प्रमुख पिछड़ी जाती में आती हैं। 2015 में पार्टी ने 23 सीटों में चुनाव लड़ा था और उनमें से 2 सीटें जीती थी और लगभग 2.56% वोट शेयर पाया था। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पार्टी को राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन से अलग कर लिया और बहुजन समाज पार्टी और जनतांत्रिक पार्टी (सोशलिस्ट) के साथ गठबंधन कर लिया। RLSP ने 2020 में 104 सीटों से चुनाव लड़ा और एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन उसकी सहयोगी पार्टियाँ AIMIM और BSP कुल मिलाकर 6 सीटें जीतने में कामयाब रहीं। फ्छरढ का वोट शेयर 2020 में 1.77% रहा।

हालांकि, सबसे दिलचस्प घटनाक्रम मशहूर राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) का उदय है। 2024 के उपचुनाव में इस पार्टी ने चार निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 10 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिसमें इमामगंज निर्वाचन क्षेत्र में जितेंद्र पासवान को 20 प्रतिशत वोट मिले। जेएसपी की राज्यव्यापी 'बिहार बदलाव यात्रा' ने इसकी जमीनी पहुंच को बढ़ाया है। हालांकि इसमें बिहार की राजनीतिक व्यवस्था को उलटने के लिए पर्याप्त ताकत नहीं है, लेकिन ग्रामीण असंतोष और दोनों गठबंधनों के खिलाफ युवाओं की शिकायतें इसके राजनीतिक भविष्य को आकार दे सकती हैं।

द प्लुरलस पार्टी की स्थापना 2020 में पुष्पम प्रिया चौधरी ने की। इस पार्टी ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में अपना चुनावी डेब्यू (पहला चुनाव) किया और सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन पार्टी के सभी उम्मीदवार चुनाव हार गए, जिसमें पार्टी अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी भी शामिल थीं, जिन्होंने बांकीपुर और बिस्फी सीटों से चुनाव लड़ा था। इन्हे कुल 209,417 वोट मिले।

हिन्द सेना के शिवदीप वामनराव लांडे ये तक ऐलान किया कि उनकी पार्टी आने वाले चुनाव में बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनके अलावा जन सुराज पार्टी भी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीएसपी ने भी बिहार के औरंगाबाद से ऐलान किया की वो भी सभी 243 सीटों में अकेले उतरेंगे।

ऐसा लग रहा है कि ये सारे छोटे दल किसी भी बड़े दल के साथ गढ़बंधन करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे तो इनका वोटकटवा बनने के ज्यादा आशंका है। दरअसल, ऐसा देखा गया है कि छोटे दल बड़े पार्टियों के वोटों को काटने की भूमिका निभाते हैं क्यूंकि इनमे ज्यादातर कोई उम्मीदवार सत्ता में नहीं आता मगर कुछ वोट जरूर ले जाता है जिससे चुनाव के परिणाम में फर्क पड़ता है। समुदाओं के वोट बिखरने से नतीजा बदल जाता है।

जन सुराज और द प्लुरलस पार्टी को छोड़ दें, तो बिहार की ज्यादातर नई और छोटी पार्टियों का आधार जातीय और क्षेत्रीय है। लेकिन सिर्फ जाति के दम पर चुनाव जीतना अब मुमकिन नहीं रहा। ये बात चिराग पासवान समझ गए हैं- वो पासवान समुदाय के मजबूत नेता हैं लेकिन अब वो भी समझते हैं कि सिर्फ एक जाति के वोट से बात नहीं बनेगी। यही वजह है कि वे इस बार गैर-आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, ताकि व्यापक जनसमर्थन हासिल किया जा सके।

अगर हम पारंपरिक दलों की बात करें, तो RJD का मुख्य वोट बैंक यादव और मुस्लिम समुदाय रहा है। वहीं, खउ्त्र का आधार कुर्मी और कोरी समुदाय रहा है। इसके अलावा, बीजेपी के साथ गठबंधन के चलते जेडीयू को सवर्ण जातियों जैसे राजपूत, भूमिहार और ब्राह्मण का समर्थन भी मिलने लगा है। लोक जनशक्ति पार्टी के साथ आने से पासवान यानी दलित वोटों का एक बड़ा हिस्सा भी एनडीए खेमे में जुड़ता दिख रहा है।

विकासशील इंसान पार्टी (VIP) का मुख्य वोट बैंक निषाद समुदाय है, जिसमें लगभग 20 से 22 उपजातियां शामिल हैं। बिहार में यह समुदाय अति पिछड़ा वर्ग (EBC) में आता है। मुकेश सहनी की पार्टी VIP इस समुदाय का पहला संगठित राजनीतिक प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि इससे पहले निषाद समुदाय का कोई प्रभावी नेतृत्व नहीं रहा है। राज्य की कुल आबादी में इस समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 10% मानी जाती है, जो इसे राजनीतिक रूप से एक अहम ताकत बनाती है।अब सवाल ये है कि नई पार्टियां जैसे हिंद सेना, इंकलाब पार्टीयां जन सुराज इन पारंपरिक जातीय समीकरणों में कितना घुस पाती हैं? क्या ये दल किसी विशेष समुदाय में अपनी पकड़ बना पाएंगे, या सभी जातियों को जोड़कर कोई नई राजनीति गढ़ेंगे? यह तो आने वाला चुनाव ही तय करेगा।

# गणेश चतुर्थीः श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों का जीवंत उत्सव



– सुरेश गांधी

गणेश चतुर्थी का पर्व केवल पूजा या व्रत तक सीमित नहीं है। यह समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला पर्व है। सार्वजनिक गणेश उत्सव का आरंभ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किया था। उनके प्रयासों से यह पर्व महाराष्ट्र ही नहीं, पूरे भारत में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन गया। आज भी गणेश चतुर्थी का पर्व गांव-गांव और शहर-शहर में सामूहिक उत्सव का रूप ले चुका है। इसमें समाज का हर वर्ग, गरीब से अमीर तक, बच्चे से वृद्ध तक, समान भाव से सम्मिलित होता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी 27 अगस्त, बुधवार को मनाई जाएगी. पंचांग के अनुसार गणेश स्थापना और मध्यान्ह पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 11:05 से दोपहर 01:40 बजे तक रहेगा। इस काल को मध्याह्न वेला कहा जाता है, जिसे गणपति प्रतिष्ठा के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि इसी समय भगवान गणेश धरती पर अवतरित होकर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। दस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का समापन 6 सितंबर, अनंत चतुर्दशी के दिन भव्य शोभायात्राओं और विसर्जन के साथ होगा। इस वर्ष के विशेष योग के चलते गणेश चतुर्थी खास मानी जा रही है। इस बार पर्व पर ब्रह्म योग, इन्द्र योग, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। साथ ही चित्रा नक्षत्र का मेल इस दिन को और भी शुभ बना रहा है। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इस योग में गणपति की स्थापना करने से घर-परिवार पर दीर्घकालीन सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

सनातन धर्म के पंचांग में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन पृथ्वी पर प्रथम पूज्य गणपति का अवतरण हुआ था। विघ्नहर्ता, बुद्धि और विवेक के दाता, तथा समस्त कार्यों के आरंभ में स्मरण किए जाने वाले श्रीगणेश का यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों का जीवंत प्रतीक है। गणेश चतुर्थी का पर्व महाराष्ट्र से लेकर कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों तक बड़े उत्साह से मनाया जाता है। समाज का हर वर्ग इसमें सम्मिलित होकर भक्तिरस में डूब जाता है। चूंकि गणेशजी का जन्म दोपहर में हुआ था, इसलिए इस अवधि में पूजन अत्यंत फलदायी माना जाता है। भक्तजन इस समय विघ्नविनाशक बप्पा को घर-आंगन में सादर आमंत्रित कर उनकी आराधना करेंगे। गणेशोत्सव भारतीय संस्कृति का उत्सव है, जिसमें भक्ति, परंपरा, समाज और पर्यावरण सभी का समन्वय देखने को मिलता है। यह पर्व हर वर्ष हमें यह संदेश देता है कि सामूहिकता और एकता से बड़ी से बड़ी बाधाएं दूर हो सकती हैं। बप्पा केवल व्यक्तिगत समस्याओं के विघ्नहर्ता नहीं हैं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना के मार्गदर्शक भी हैं। आज जब विश्व अशांति, विभाजन और भौतिक दौड़ में उलझा है, गणेशोत्सव हमें याद दिलाता है कि सच्ची समृद्धि संस्कारों, संस्कृति और सामूहिकता से आती है। यही कारण है कि गणपति बप्पा का आशीर्वाद हर वर्ष देश-विदेश में करोड़ों भक्तों के लिए जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है.

विशेष संयोग (षड् योगों का प्रभाव)

इस बार गणेश चतुर्थी के दौरान निम्नलिखित छह दुर्लभ योग एक साथ बन रहे हैंः रवि योग, धन योग, लक्ष्मी-नारायण योग, गजकेसरी योग, शुभ योग, आदित्य योग, ये संयोग विशेष रूप से ग्रहों की स्थिति के कारण बन रहे हैं और इसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान मिथुन राशि वालों को अप्रत्याशित धन लाभ और व्यापारिक सफलता मिलेगी. कर्क राशिः प्रोमोशन और नए अवसर। सिंह राशिः नए काम की शुरूआत, सरकारी कार्यों में सफलता। कन्या राशिः धन योग और पैतृक संपत्ति का लाभ। मकर राशिः नए कमाई के माध्यम और साझेदारी से लाभ।

मोदक का विशेष महत्व

गणेशजी को मोदक अति प्रिय है। शास्त्रों में कहा गया है, ह्लयो मोदकसहस्त्रेण यजति स वांछितफलमवाप्नोति ह्व अर्थात जो भक्त मोदक अर्पित करता है, उसे इच्छित फल की प्राप्ति होती है। मोदक का अर्थ है, हर्ष, खुशी और आनंद। यही कारण है कि गणपति की प्रतिमा या चित्र के साथ प्रायः मोदक अवश्य दशार्या जाता है। महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में गणेश उत्सव पर मोदक बनाने की विशेष परंपरा है।

गणपति के 16 नाम

गणेशजी के 16 नामों का जप विशेष फलदायी हैः - सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र, विघ्नराज, द्वैमातुर, गणाधिप, हेरम्ब और गजानन। इन नामों का स्मरण साधक को धन, सौभाग्य और सफलता प्रदान करता है।

परंपरा और आस्था की जड़ें

गणेश चतुर्थी का आरंभ पौराणिक मान्यताओं में उस समय से होता है जब स्वयं भगवान शिव और माता पार्वती के आंगन में गणेशजी का जन्म हुआ। पुराणों के अनुसार गणेशजी को प्रथम पूज्य और विघ्नहर्ता का स्थान प्राप्त है। हर शुभ कार्य से पहले ह्यश्रीगणेशह्ल करने की परंपरा इसी विश्वास से जुड़ी है कि बप्पा के आशीर्वाद से सभी बाधाएं दूर होती हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

**गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, भक्ति, आनंद और सामाजिक एकता का अद्वितीय संगम है। 27 अगस्त से 6 सितंबर तक चलने वाला यह उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और ज्योतिषीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। गणपति की उपासना से जीवन के विघ्न दूर होते हैं, बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है, और समाज में समरसता और ऊर्जा का संचार होता है। यही कारण है कि यह पर्व हर वर्ष भक्तों के लिए एक नए उत्साह और नई आध्यात्मिक शक्ति का संचार करता है। मतलब साफ है गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह भक्त और भगवान के बीच आत्मिक संबंध को प्रगाढ़ करने का माध्यम है। गजानन की उपस्थिति से घर और समाज का वातावरण पवित्र हो उठता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि अहंकार का स्थान त्याग और विनम्रता से ही जीवन में सच्ची समृद्धि आती है। गणेशजी की मूर्ति का विसर्जन इस सत्य का प्रतीक है कि संसार का हर रूप अस्थायी है, किंतु भक्ति और श्रद्धा शाश्वत है. कहते है घर में जब हो गणपति का वास, हर मुश्किल हो जाती है आसान। मोदक प्रिय बप्पा, भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन के सभी विघ्न दूर होते हैं**

मूर्ति का स्वरूप और महत्व

गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप का भी विशेष महत्व होता है। पीली और लाल प्रतिमाएं घर में सुख-समृद्धि लाती हैं, जबकि सफेद गणेश ऋण मुक्ति दिलाते हैं। चार भुजाओं वाले रक्तवर्ण गणपति (संकष्टहरण) संकटों को हरते हैं और त्रिनेत्रधारी महागणपति दशभुज रूप में समस्त शक्तियों के दाता माने जाते हैं। हल्दी से बने हरिद्रा गणपति, विशेष मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाले होते है। हालांकि आचार्य बताते हैं कि घर में अत्यधिक भव्य या विशाल प्रतिमा से बचना चाहिए और मध्यम आकार की प्रतिमा ही पूजन हेतु श्रेष्ठ मानी जाती है। सामान्य गृहस्थ पूजा में मध्यम आकार की पीली या रक्तवर्ण प्रतिमा ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) या पूर्व दिशा में स्थापित करना सबसे शुभ माना जाता है।

कैसे करें गणपति की स्थापना?

गणेश चतुर्थी पर घर या पंडाल में गणेश प्रतिमा की स्थापना अत्यंत शुभ मानी जाती है। पूजा-विधि इस प्रकार है, प्रातः स्नान कर व्रत एवं संकल्प लें। ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में चैकी रखकर पीला वस्त्र बिछाएं। गणेश प्रतिमा को गंगाजल से शुद्ध कर स्थापित करें। सिंदूर, दूर्वा (21 पत्तियां), लाल पुष्प, मोदक, फल और नैवेद्य अर्पित करें। अथर्वशीर्ष, गणेश चालीसा या गणपति स्तोत्र का पाठ करें। पूजन के अंत में आरती और ब्राह्मण भोजन-दान कर स्वयं भोजन ग्रहण करें। पूजा सुबह और शाम, दोनों समय करना उत्तम माना गया है। पूजा के दौरान सात्विकता, स्वच्छता और नियमितता का पालन आवश्यक है। गणेशजी के घर में विराजने की अवधि में व्रती को सात्विक भोजन और संयमित आचरण करना चाहिए।

दस दिनों का अनूठा पर्वः गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक के दस दिन भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण होते हैं। इस अवधि में लोग विधिपूर्वक व्रत रखते हैं, गणेश भक्ति में लीन रहते हैं और वातावरण भक्ति-संगीत, ढोल-नगाड़ों व ह्यह्यगणपति बप्पा मोरयाह्लह्ल के जयघोष से गूंजता है। इस बार गणपति विसर्जन 6 सितंबर (शनिवार) को होगा। उस दिन शोभायात्रा, ढोल-ताशे, नृत्य और भक्ति-गीतों के साथ भक्तजन बप्पा को विदाई देंगे। मान्यता है कि गणपति अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर जाते हैं।

ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष योग

वैदिक ज्योतिष में इस गणेश चतुर्थी का महत्व और भी बढ़ गया है। इस बार सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह संयोग कुछ राशियों के जातकों के लिए विशेष शुभफल देने वाला है। यह योग मान-सम्मान, बुद्धि, व्यापार में उन्नति और समाज में प्रतिष्ठा दिलाने वाला है। गणेश चतुर्थी के दिन ग्रहों का यह संयोग भक्तों के जीवन में नए अवसर और सकारात्मक ऊर्जा लाने वाला माना जा रहा है।

चंद्र दर्शन वर्जित क्यों?

गणेश चतुर्थी का एक विशेष नियम है, इस दिन चंद्र दर्शन वर्जित है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन चंद्र दर्शन करने से व्यक्ति पर झूठे आरोप और कलंक लगने का भय होता है।

श्रीकृष्ण की कथा

मान्यता है कि एक बार भगवान श्रीकृष्ण ने गणेश चतुर्थी के दिन अनजाने में चंद्रमा का दर्शन कर लिया। इसके परिणामस्वरूप उन पर स्यमंतक मणि चोरी का आरोप लग गया। निर्दोष होते हुए भी उन्हें अपनी निष्कलंकता सिद्ध करने के लिए कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा।

गणेश-चंद्र संवाद

पौराणिक कथा के अनुसार, जब गणेशजी को गजमुख प्राप्त हुआ तो चंद्रमा ने उनका उपहास किया। गणेशजी ने क्रोधित होकर चंद्रमा को श्राप दिया कि आज से तुम्हारे दर्शन से कलंक लगेगा। यद्यपि बाद में चंद्रमा ने क्षमा मांगी, किंतु गणेशजी ने यह शर्त रखी कि भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को तुम्हारा दर्शन निषिद्ध रहेगा।

भूलवश चंद्र दर्शन हो जाए तो क्या करें?

यदि कोई भक्त इस दिन चंद्रमा को देख ले तो शास्त्रों में उपाय बताए गए हैं।

स्यमंतक मणि कथाह्लह्ल सुनना या पढ़ना चाहिए।

अथवा यह मंत्र जपना चाहिए,

सिंहः प्रसेनमवधीत्सिंहो जाम्बवता हतः।

सुकुमार मा रोदीस्तव ह्येष स्यमन्तकः।।ॄ

इतिहास में गणेशोत्सव

यद्यपि यह पर्व सदियों से घर-घर में मनाया जाता रहा है, परंतु सार्वजनिक गणेशोत्सव का स्वरूप लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में दिया। तिलक ने इसे अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनजागरण और सामाजिक एकजुटता का माध्यम बनाया। पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर हजारों-लाखों लोग एकत्र होते, धार्मिक प्रवचनों से लेकर देशभक्ति गीतों तक की गूंज वातावरण को ऊर्जा से भर देती। इस दृष्टि से गणेशोत्सव भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का भी साक्षी रहा है।

महाराष्ट्र से पूरे भारत तक

गणेशोत्सव की भव्यता सबसे अधिक महाराष्ट्र में देखने को मिलती है। मुंबई में यह पर्व न केवल धार्मिक उत्सव है बल्कि सामाजिक उत्सव भी है। दस दिनों तक गली-गली में भव्य पंडाल सजते हैं, सामाजिक संदेशों और सजावट के साथ मूर्तियों की शोभा देखते ही बनती है। ढोल-ताशों की गूंज, आरती की धुन और मोदक की मिठास से वातावरण अद्भुत हो उठता है। आज महाराष्ट्र की इस परंपरा ने देशभर और विदेशों तक अपनी छाप छोड़ी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश से लेकर दुबई, लंदन और न्यूयॉर्क तक गणपति बप्पा की आराधना होती है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने आजादी के आंदोलन के समय इसे सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया। आज भी मुंबई और पुणे में जगह-जगह विशाल पंडाल सजते हैं, जहां दस दिनों तक सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। अनंत चतुर्दशी के दिन ढोल-ताशों और जयकारों के साथ शोभायात्रा निकालकर गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन समुद्र और नदियों में किया जाता है। यह दृश्य महाराष्ट्र ही नहीं, पूरे देश की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

लोकजीवन से जुड़ा उत्सव

गणेशोत्सव केवल धार्मिक पूजा भर नहीं है। यह लोकजीवन की आत्मा से जुड़ा पर्व है। पंडालों में सामाजिक संदेश दिए जाते हैं, स्वच्छता, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी जागरूकता को लोग गणेश प्रतिमाओं और सजावट के माध्यम से समाज के सामने रखते हैं। यह पर्व भक्ति और सामाजिक चेतना का संगम है।

पर्यावरणीय पहलू

हाल के वर्षों में पर्यावरणीय दृष्टि से यह पर्व चर्चा में रहा है। प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से बनी मूर्तियों का विसर्जन जलाशयों को प्रदूषित करता है। इसके समाधान के लिए अब पर्यावरण मित्र गणेश प्रतिमाएं बनाने की परंपरा तेजी से बढ़ रही है। मिट्टी, कागज की लुगदी और प्राकृतिक रंगों से बनी प्रतिमाएं जल में घुलकर पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचातीं। कई स्थानों पर ह्यसीड गणपतिह्ल की पहल भी हो रही है, जिनकी मिट्टी में पौधों के बीज दबे रहते हैं और विसर्जन के बाद नए पौधे जन्म लेते हैं।

गणपति और साहित्य-संस्कृति

गणेशजी केवल देवता ही नहीं, बल्कि भारतीय कला और साहित्य के प्रेरणास्रोत भी हैं। उन्हें विद्या का अधिष्ठाता माना गया है। महाकाव्य महाभारत का लेखन भी गणपति ने व्यासजी के कथन पर अपने दांत से किया था। संस्कृत से लेकर मराठी और हिंदी साहित्य तक, बवनदजसमे कविताओं, भजनों और नाटकों में गणेशजी का गुणगान मिलता है।

आधुनिक भारत में गणेशोत्सव

आज का गणेशोत्सव पारंपरिक और आधुनिक दोनों रूपों का संगम है। सोशल मीडिया पर डिजिटल आरती, ऑनलाइन मूर्ति बुकिंग और वर्चुअल दर्शन की सुविधा ने इसे वैश्विक मंच पर पहुंचा दिया है। लेकिन इसके बावजूद मूल भावना वही हैकृगणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया!

आध्यात्मिक महत्व

गणपति केवल विघ्नहर्ता ही नहीं, बल्कि बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता माने जाते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, किसी भी नए कार्य, विवाह, परीक्षा या शुभ अवसर की शुरूआत गणेशजी के पूजन से ही की जाती है। यही कारण है कि उन्हें अग्रपूज्य कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती ने स्नान के समय अपने शरीर के लेपन से गणेश की प्रतिमा बनाई और उसमें प्राण-प्रतिष्ठा कर द्वारपाल नियुक्त किया। भगवान शिव के आगमन पर गणेशजी ने उन्हें रोक दिया और युद्ध में उनका मस्तक काट दिया गया। बाद में पार्वती के आक्रोश को शांत करने के लिए शिवजी ने हाथी का सिर लगाकर गणेशजी को पुनर्जीवित किया और उन्हें गणों का अधिपति, सभी देवताओं में अग्रपूज्य तथा विघ्नहर्ता होने का आशीर्वाद दिया।

आवश्यक सावधानियां

प्रतिमा को हमेशा ऊंचे स्थान पर स्थापित करें। गणेशजी के स्थान को रोजाना गंगाजल से पवित्र करें। घर, दुकान, फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर गणेशजी का चित्रपट लगाना शुभ है। गणपति की उपस्थिति में सात्विक आहार और नियमित पूजा का पालन करना चाहिए।

# पालघर पुलिस बल द्वारा आयोजित 10 व 25 किमी साइक्लोथॉन सफलतापूर्वक संपन्न



**पालघर (उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों में स्वास्थ्य व फिटनेस के प्रति जागरूकता निर्माण करने के उद्देश्य से भारत सरकार के खेल विभाग के मार्गदर्शन में पालघर पुलिस दल द्वारा साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन 24 अगस्त 2025 को सुबह 7 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पालघर से पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख एवं अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। इस साइक्लोथॉन में दो भाग बनाए गए थे। पहला 10 किमी साइक्लोथॉन मार्ग : पुलिस अधीक्षक कार्यालय चार रस्ता रेलवे स्टेशन माहिम वलण नाका झ पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय। दूसरा 25 किमी साइक्लोथॉन मार्ग : पुलिस अधीक्षक कार्यालय चार रस्ता माहिम रेलवे स्टेशन पुलिस दुरक्षेत्र मंगलम रिसॉर्ट, माहिम पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय। इस आयोजन में पुलिस अधिकारी, अंमलदारों सहित जिले के लगभग 255 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख, अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले एवं जिला खेल अधिकारी सुहास व्हनमाने स्वयं साइक्लोथॉन में शामिल होकर नागरिकों को प्रेरित किया। साइक्लोथॉन सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख एवं अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस उपक्रम के यशस्वी आयोजन में पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख व अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले का मार्गदर्शन तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग महत्वपूर्ण रहा। पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साइक्लोथॉन नागरिकों में स्वास्थ्यदायी जीवनशैली अपनाने और फिटनेस के प्रति सजगता बढ़ाने में निश्चित ही सहायक सिद्ध होगा।

## गुरु स्वागत में उमड़ा जन सैलाब, भगवान का नाम लेने से होता है कल्याण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वशिष्ठ फाउंडेशन मुंबई शाखा द्वारा गुरु स्वागत व पूजन समारोह का भव्य आयोजन मलाड पूर्व के दत्त मंदिर रोड स्थित शारदा ज्ञान पीठ इंटरनेशनल स्कूल में 23 अगस्त शनिवार को किया गया था, जिसमें अयोध्या धाम के गुरु पीठ वशिष्ठ पीठाधीश्वर तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत व अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और उनकी धर्म पत्नी राजलक्ष्मी का उनके शिष्यों द्वारा गुरु परंपरा के तहत स्वागत किया गया। बता दें कि महंत गिरीश पति त्रिपाठी अयोध्या के महापौर भी हैं। उन्होंने भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि दृष्टि संपन्नता के लिए भगवान की कृपा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम लेने से मानव का कल्याण हो जाता है। रामलला की चर्चा करते हुए कहा कि मैं नसीब वाला हूं जिन्हें भगवान की सेवा का मौका मिला है। महंत त्रिपाठी ने अपनी संस्कृति की भी चर्चा की। इस समारोह के आयोजन में संरक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडेय,आर के(सुरेश दुबे), विजय शुक्ल,विकास पांडेय, कुश्म कुमार ओझा, महेश उपाध्याय, आत्माराम मिश्र, वसंत शुक्ल, रवि शुक्ल , राममिलन पाण्डेय,कृष्ण देव शुक्ल, हरीश मिश्र , कृष्ण देव शुक्ल सहित अन्य शिष्यों का मुख्य योगदान है। इस अवसर पर महंत की धर्म पत्नी राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि अपनी संस्कृति पर गर्व रहे और पिछले पायदानों पर पड़े लोगों को भी अपने साथ जोड़ें और अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आएं।

## भिवंडी में संत सेना महाराज जयंती समारोह के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न




**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** संत सेना महाराज की जयंती समारोह के अवसर पर नाभिक समाज उन्नति मंडल भिवंडी द्वारा शनिवार शाम भिवंडी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा मनाए जा रहे इस कार्यक्रम का यह 33वाँ वर्ष है और यह कोम्बड़पाड़ा स्थित पार्वती मंगल कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष मनोहर निकम, दीपक वाघ, किशोर भदाणे, महिला अध्यक्ष शर्मिला निकम, राजश्री हीरे, वृषाली गायकवाड़, मयूरेश पाटिल, मोहित राका सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और समाज के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सत्यनारायण महापूजा, भक्ति गीत गायन, समाज के गणमान्य लोगों का सम्मान, मेधावी छात्रों का सम्मान व नोटबुक वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद शाम को सभी समाज के सदस्यों के लिए महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## लोढ़ा कास्टेएरिया में धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर जन्म वांचन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के आवास लोढ़ा कास्टेएरिया के प्रांगण में आज जैनों के 24 वें तीर्थंकर प्रभु महावीर का जन्म वांचन बहुत धूमधाम से और उल्लास से मनाया गया। लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरमैन डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा ने भगवान महावीर की दिव्य मूर्ति को झूले में झुलाया तथा उनके नाम का वर्णन किया।

तीर्थंकर महावीर जन्म वांचन, जिसका अर्थ है भगवान महावीर के जन्म का वाचन या वर्णन, जैन धर्म में पर्युषण के पांचवें दिन (पंचमी) मनाया जाने वाला एक अनुष्ठान है। इस दिन, श्वेतांबर संप्रदाय के अनुयायी भगवान महावीर के जन्म से संबंधित कल्पसूत्र का पाठ करते हैं और माता त्रिशला द्वारा देखे गए चौदह शुभ स्वप्नों का वर्णन करते हैं। ये स्वप्न हाथी, बैल, शेर और अन्य प्रतीकों से भरे होते हैं, जो महावीर के भविष्य के गुणों और उपलब्धियों का संकेत देते हैं।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए क्रॉप प्रोटेक्शन एवं स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन के आधुनिक उत्पाद

**मुंबई/दरभंगा।** श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने होटल मौर्या, पटना, बिहार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान क्रॉप प्रोटेक्शन, स्पेशलिटी प्लांट न्युट्रिशन एवं वैजीटेबल सीड सेगमेन्ट में नए दौर के 6 प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, जहां क्षेत्र के 125 से अधिक प्रमुख चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, इन चैनल पार्टनर्स एवं ऑनलाइन व्यूअर्स ने श्रीराम सुपर व्हीट सीड स्कीम के भव्य पुरस्कार समारोह में भी हिस्सा लिया।

भारतीय किसानों की जरूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फटीर्लाइजर लेकर आई है- श्रीराम पिकासोल और श्रीराम मैगनिका। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के जरिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर मुनाफा देता है। श्रीराम पिकासोल फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं श्रीराम मैगनिका फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है। ये दोनों ही मुद्दे निर्यात एवं प्रीमियम मार्केट्स के लिए बहुत अधिक मायने रखते हैं। साथ ही कंपनी ने श्रीराम स्प्रेइट वैजीटेबल्स का भी लॉन्च किया, जिसे खासतौर पर सब्जियों के पोषण के लिए विकसित किया गया है।

## कृत्रिम तालाब का भूमिपूजन समारोह सम्पन्न



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चांदिवली विधानसभा के वार्ड क्रमांक 161 में मुंबई भाजपा अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार , विधायक संजय उपाध्याय के नेतृत्व में, स्थानीय विधायक दिलीप मामा लांडे के मार्गदर्शन में और जिला अध्यक्ष वीरेंद्र म्हात्रे की उपस्थिति में साकीनाका के वैशाली मैदान में कृत्रिम तालाब का भूमिपूजन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगरसेवक सीताराम तिवारी, प्रकाश देवजी मोरे , भाजपा जिला उपाध्यक्ष शुभ्रांशु दीक्षित वॉर्ड क्रमांक १६१ की अध्यक्ष दीक्षित, साधना शर्मा और विधानसभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नालासोपारा में युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पश्चिम के आचोले मंडल अध्यक्ष सुनील तिवारी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित दुबे के माध्यम से अनेक उत्साही युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर नालासोपारा के विधायक राजन नाइक, जिला महामंत्री मनोज बारोट सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक राजन नाइक ने भाजपा परिवार में शामिल हुए सभी युवाओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि पार्टी संगठन नए जोश और ऊर्जा के साथ और अधिक सक्षम होकर जनता की सेवा में तत्पर रहेगा। भाजपा में शामिल हुए इन युवाओं से संगठन को नई ताकत और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिहार चुनाव को लेकर मीरा रोड में प्रवासी बिहारी सम्मेलन

### छठी महोत्सव का आयोजन



**मीरा रोड (उत्तरशक्ति)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर में प्रवासी बिहारी समाज से संवाद स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है।

मीरा रोड के इस्कॉन हाल में भाजपा बिहार प्रकोष्ठ की ओर से छठी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने किया। इस अवसर पर बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अप्सरा मिश्रा तथा भाजपा महिला मोर्चा महाराष्ट्र की प्रदेश पदाधिकारी रंजू झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के संयोजक बिहार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र के संयोजक नितीश वर्मा थे। उनके साथ पूजा चौधरी, रश्मि मिश्रा, फूल सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यह सभी लगातार महाराष्ट्र और बिहार में सक्रिय रहकर प्रवासी बिहारी समाज से संपर्क साध रहे हैं।

नेताओं ने कहा कि प्रवासी बिहारी समाज बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत से जीत दिलाने के लिए संकल्पित है। महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं।

नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि बिहार में बड़े-बड़े पुल, यूनिवर्सिटीज और फैक्ट्रियों का निर्माण हो रहा है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है और रोज नए शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रमों से बिहार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे जनता को फेक नैरेटिव और वोट चोरी की नौटंकी से भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता सच्चाई समझती है और विकास के पक्ष में मतदान करेगी।

# कल्याण से कोकण के लिए 72 बस रवाना

### शिवसेना की ओर से निशुल्क सेवा, गणेश भक्तों ने माना आभार



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** सांसद श्रीकांत शिंदे और नगरसेवक महेश गायकवाड़ ने कोंकण जाने वाले गणेश भक्तों के लिए 72 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बता दें कि रविवार को सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने गणेशोत्सव मनाने के लिए कोंकण जाने वाले यात्रियों की सेवा के लिए निःशुल्क एसटी बसों की व्यवस्था किया था । कल्याण पूर्व से कोकण जाने वाले हजारों भक्तों को नगरसेवक महेश गायकवाड़ और सांसद श्रीकांत शिंदे ने मिलकर 72 बसों को हरी झंडी दिखाकर कोकण जाने के लिए रवाना किया इस मौके पर सांसद ने एसटी बस चालकों का स्वागत किया।

इस मौके पर जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, विधायक राजेश मोरे,आरोग्य दूत चंद्रसेन सोनावाले, प्रशांत बोटे, नीलेश रसाल, शाखा प्रमुख प्रशांत अमीन सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के महिला और पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दादर में हुआ भावुक राखी भेंट समारोह




**मुंबई, दादर (उत्तरशक्ति)।** श्रावण मास के अंतिम दिन दादर पूर्व स्थित स्वामीनारायण मंदिर, योगी हॉल में महाराष्ट्र की हजारों माताओं-बहनों ने एक ऐतिहासिक एवं भावनात्मक श्राखी भेंट समारोहश्र मनाया। महाराष्ट्र की प्यारी बहनों के प्यारे भाई देवा भाऊ (देवेंद्र फडणवीस) को पूरे प्रदेश से लगभग 37 लाख राखियाँ और शुभकामनाएँ प्राप्त हुईं। इस अवसर पर बहनों ने प्रगति, सुरक्षा और सम्मान का आशीर्वाद देते हुए उन्हें राखियाँ भेंट कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ज़िलों से भारी संख्या में माताएं और बहनें उपस्थित थीं। पालघर से खासदार डॉ. हेमंत सांवरा, वसईझविरार से ज़िला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल और महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष कंचन झा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बहनों ने भाग लिया।

इस भावुक समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एवं मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार, राज्य मंत्री मेघनाताई बोर्डिकर, प्रदेश महासचिव ए. विक्रांत देशमुख, राजेश पांडे और माधविताई नाइक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।श्रावण के इस शुभ अवसर पर बहनों ने देवा भाऊ को राखी बाँधकर अपना स्नेह जताया और समाज में नारी सुरक्षा, सम्मान और प्रगति का संकल्प दोहराया। पूरे हॉल में भाई-बहन के रिश्ते की मधुरता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

# जान से बढ़कर प्यारा है मेरा वतन-आशादीप विद्यामंदिर हाईस्कूल में आजादी का बाइस्कोप पथनाट्य का प्रभावी प्रदर्शन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** बोईसर शहर (पूर्व) स्थित आशादीप विद्यामंदिर हाईस्कूल परिसर में शनिवार को चेतना आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति आधारित पथनाट्य आजादी का बाइस्कोप का शानदार मंचन किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत इस नाटक ने स्वतंत्रता संग्राम की झलकियाँ, शहीदों के बलिदान और ऑपरेशन सिंदूर का जीवंत चित्रण कर दर्शकों की आंखें नम कर दीं। कुछ देर के लिए पूरा वातावरण भावुक और राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। बताया जाता है कि आजादी का बाइस्कोप का प्रथम प्रदर्शन 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तारापुर परमाणु ऊर्जा रहिवासी संकुल में किया गया था, जहाँ उपस्थित भारी भीड़ ने इसे अपार सराहना दी। दर्शकों की मांग को देखते हुए अब यह नाटक बोईसर के पूर्व व पश्चिम क्षेत्र में जगह-जगह प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पथनाट्य की परिकल्पना, संवाद और निर्देशन दीपक श्रीवास्तव ने किया, सह-लेखन में कार्तिक नाथ शर्मा और अनिल सिन्हा का योगदान रहा। प्रशांत कुमार ने बैक-सिंगिंग दी, जबकि आर. के. मालव ने संयोजन की भूमिका निभाई। कलाकारों में समीर कांबली, अमित श्रीवास्तव, आशीष भटकर, रवि येडे, अभिषेक सिंह, संतोष कुमार, रंजन मोहंती, आशुतोष मिश्रा, क्षितिज सिंह और सुश्री निश्का लड्ढा ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. स्वप्निल शिंदे, अशोक कुमार श्रीवास्तव, एस.एस. तिवारी, रोहित सिंह, विद्यालय के मुख्याध्यापक हरिओम शरण मिश्र के अलावा सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावक गण उपस्थित रहे। नाटक की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय की ओर से सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

# धामनकर नाका मित्र मंडलव स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा वृंदावन के चंद्रोदय इस्कान मंदिर बनकर तैयार

### रक्तदान दाताओं का 10 लाख का दुर्घटना बीमा



**आचार्य सूरजपाल यादव**
**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के धामनकर नाका मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष देश के प्रसिद्ध मंदिरों की हूबहू प्रतिकृति बनाकर भिवंडी वासियों को दशार्ने वाले एकात्मता का राजा नाम से मशहूर इस वर्ष वृंदावन का चंद्रोदय इस्कान मंदिर दर्शनार्थियों के लिये बनकर तैयार हो गया है । मंडल द्वारा बांस, बल्ली एवं कपड़े द्वारा मंदिर की 130 फिट ऊंची प्रतिकृति बनाई गई है जिसमें पर्यावरण का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। मंदिर की प्रतिकृति बनाने में न तो कहीं पीओपी का उपयोग किया गया है और न ही कहीं केमिकल के रंग का उपयोग किया गया है। गणेशोत्सव को पूरी तरह इकोफ्रेंडली बनाया गया है। वरिष्ठ नगरसेवक संतोष एम शेट्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि ओड़ीसा एवं कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा चंद्रोदय मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। ओड़ीसा एवं कोलकाता से आए लगभग सौ मजदूरों द्वारा एक से डेढ महीने की कड़ी मेहनत के बाद चंद्रोदय? (इस्कान) मंदिर की यह प्रतिकृति तैयार हुई है, जिसमें हजारों बांस, बल्ली, लाखों मीटर सफेद एवं रंगीन कपड़ा लगाया गया है। गणेश भक्तों की सुविधा के लिए मंडप में एसी लगाई गई है। गणपति दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। गणपति दर्शन के दौरान नजर रखने के लिए मंडप के भीतर एवं बाहर 32 सीसीटीची कैमरे के साथ लगभग 50 सुरक्षा रक्षकों के साथ मंडल के करीब 400 स्वयं सेवक तैनात रहेंगे। इसके अलावा शहार के अन्य गणेशोत्सव मंडलों में राष्ट्रीय एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाने के लिए स्वाभिमान श्री गणेश दर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मंडल में भजन मंडली द्वारा पूरे दिन भजन किया जाता है जिसमें शहर के सौ से अधिक भजन मंडल द्वारा भजन-कीर्तन करते रहते हैं। वहीं प्रथम दर्शन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खडवली के मातोश्री वृद्धाश्रम के बुजुर्गों द्वारा होगी। मंडल की तरफ से 6 वां रक्तदान शिविर में रक्तदान दाताओं को 10 लाख का दुर्घटना बीमा मंडल द्वारा किया जायेगा। आपरेशन सिंदूर की सफलता को ध्यान में रखकर सैनिकों के सम्मान में पूर्व सैनिकों के परिवारों को आमंत्रित कर महाआरती का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष संतोष शेट्टी ने पत्रकार परिषद में दिया। इस अवसर पर महासचिव मोहन बल्लेवार, प्रवक्ता संजय भोईर, राजेश पटवारी, ईश्वर पामू, राम बुरा, महेश खापरे, सलाहकार कृष्ण गोपाल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

**उत्तरशक्ति**
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
**पत्राचार कार्यालयः**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाप हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाप हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# शादी से मना करने पर युवती ने प्रेमी के घर के पास किया आत्महत्या की कोशिश

**प्रेमी ने शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक बनाए शारीरिक संबंध**

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के पवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में शनिवार की सुबह एक युवती ने प्रेमी के द्वारा शादी से मना करने पर उसके घर के पास कुएं में कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से किसी तरह से युवती को कुएं से निकालकर नजदीकी अस्पताल सतहरिया ले जाकर भर्ती करायी। जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी युवती ने पिछले महीने थाने पर तहरीर दी थी कि सोंगरा गांव का रोहित यादव उसके साथ पांच वर्षों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। जब शादी की बात आई तो मना करने लगा तथा कारण पूछने पर वह तथा उसके घर वाले उसको गाली तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित यादव व उसके घर वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया था लेकिन रोहित के घर वालों के दबाव में व शादी के लिए राजी होने पर युवती ने मेडिकल कराने से इनकार कर दिया था। लेकिन उसके बाद फिर रोहित के घर वाले आनाकानी करने लगे। अपने साथ इंसाफ नहीं होने पर युवती ने प्रेमी के घर के सामने कुएं में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश किया। लड़की को कुएं में कूदने पर लोगों का जमावड़ा होने लगा तथा ग्रामीणों द्वारा तुरन्त पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से युवती को कुएं से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले गयी। जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस प्रकरण में थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि युवती ने पहले मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन वह अपने बयान से पलट गई थी जिसके कारण आरोपित को छोड़ना पड़ा था। युवती अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल से इलाज के बाद यदि वह प्रार्थना पत्र देगी तो उसके आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सई नदी के जलकुंभी में फंसकर 11 भैंसों की गई जान

**सिंचाई विभाग की लापरवाही से हुआ लाखों का नुकसान, डीएम बोले- तत्काल होगी कार्रवाई**

रियाजुल हक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जलालपुर थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित पुराने शाही पुल के पास सई नदी में जमा भारी जलकुंभी ने शनिवार की शाम बड़ा हादसा करा दिया। सेहमलपुर गांव निवासी कृपाशंकर यादव उर्फ खरबोटू की 11 भैंसें नदी का पानी पीने गईं, लेकिन तेज बहाव में बहकर पुल के पास जमी जलकुंभी में फंस गईं और देखते ही देखते मौत के मुंह में समा गईं। पीड़ित लाखों की कीमत की भैंसों को अपनी आंखों के सामने मरता देख लाचार रह गया।



ग्रामीणों का आरोप है कि यह घटना प्रशासन की नहीं बल्कि सिंचाई विभाग की सीधी लापरवाही का नतीजा है। महीनों से जलकुंभी नदी में फैली है और ग्रामीणों ने लगभग एक माह पहले एसडीएम केराकत को पत्रक देकर जलकुंभी साफ कराने की गुहार लगाई थी। स्थानीय युवकों ने भी इसे हटाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इसके बावजूद सिंचाई विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। घटना पर जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और इसे प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# छत पर गेहूं फैलाने गई चिकित्सक की पत्नी को बंदरों के झुंड ने हमला कर किया घायल

**नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में दिनों दिन बढ़ रहा बंदरों का आतंक**

◆ वन विभाग कर रहा बड़ी घटना का इंतजार

गौराबादशाहपुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बंदरों का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। जिसका ताजा शिकार रविवार की सुबह चिकित्सक की 59 वर्षीय पत्नी उस वक्त हो गई जब वह छत पर गेहूं सूखने के लिए डालने को गई थी। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के बंजारीपुर वार्ड में अपना निजी चिकित्सालय चलाने वाले डॉक्टर अर्जुन कुमार विश्वास की पत्नी पुतुल विश्वास 59 रविवार की सुबह लगभग 7 बजे छत पर गेहूं



सूखने के लिए फैला रही थी तभी अचानक उन पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर स्वजन भाग कर छत पर पहुंचे तथा बंदरों को भगाया। इस दौरान बंदरों ने काटकर महिला का दाहिना हाथ कोहनी के ऊपर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। चिकित्सा अर्जुन कुमार विश्वास ने खुद टांके लगाकर पत्नी का उपचार किया। डॉ अर्जुन कुमार विश्वास ने बताया कि नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में काफी दिनों से बंदरों का आतंक बहुत बढ़ा हुआ है। आए दिन कोई न कोई इन बंदरों के हमले में घायल होता रहता है। कई बार अधिकारियों से शिकायत नगर वासियों ने की है परंतु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# जहरीली गैस से मुंगराबादशाहपुर निवासी युवक की मौत, मुम्बई के एक फैक्टरी में हुआ हादसा



मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुम्बई के दहिसर इलाके में केमिकल फैक्ट्री में हुए गैस रिसाव से मुंगराबादशाहपुर के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी नन्द किशोर पटेल मुम्बई के दहिसर इलाके में एक दवा फैक्ट्री में पिछले आठ सालों से काम कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह 10 बजे फैक्ट्री के बगल एक केमिकल फैक्ट्री में गैस रिसाव हुआ था जिससे दवा कम्पनी के कर्मचारी भी प्रभावित हुए हादसे में नन्द किशोर को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ देर बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो दहाड़ मारकर रोने लगे। पत्नी सावित्री देवी घटना से बेसुध होकर गिर गई।चार बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। रविवार की अल सुबह नन्द किशोर का शव घर पहुंचा तो चीख चीत्कार से लोगों का कलेजा हिल गया। गांव में मातम पसर गया लोगों के घर चूल्हे नहीं जले।

# प्रेमिका को बुलाने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

भदोही(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के सालीमपुर में रविवार सुबह हड़कंप मच गया, जब एक युवक प्रेम प्रपंच में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान सचिन उर्फ पवन पांडेय निवासी याकूबपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह सुबह करीब 9:30 से 10 बजे के बीच टावर पर चढ़ा और ऊपर से आवाज देकर अपनी प्रेमिका को बुलाने की मांग कर रहा है।कोतवाली क्षेत्र के सालीमपुर में सुबह एक युवक टॉवर पर चढ़ गया। वह टॉवर की सबसे टॉप वाले प्वाइंट पर पहुंच कर अपनी प्रेमिका को बुलाने की जिद करने लगा। सूचना पर प्रशासन और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सीओ अशोक मिश्रा, एसडीएम अरुण गिरी, दो एम्बुलेंस और दमकल कर्मियों की टीम युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटी हुई है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। काफी समझाने-बुझाने के बाद भी युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं हो रहा है। वह लगातार अपनी प्रेमिका को बुला रहा है। प्रशासन लगातार बातचीत कर स्थिति को काबू करने का प्रयास कर रहा है।

# जमीन का केस हारने पर बुजुर्ग ने मौत को लगाया गले

**तहसील में खुद को लगाई आग**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब तहसील में शुक्रवार की दोपहर के समय एक बुजुर्ग ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली और चारों ओर वह भागने लगा तो परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिसकर्मी ने कपड़ा-मिट्टी डालकर आग बुझाया और बुजुर्ग को सीएचसी ले जाया गया। इसके बाद एसडीएम ने उनको बीएचयू में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी में जमीन का केस हारने के बाद बुजुर्ग ने तहसील परिसर में खुद को आग लगा ली तो परिसर में बुरी तरह हड़कंप की स्थिति हो गई। शुक्रवार की दोपहर बुजुर्ग तहसील में अपने बैग में बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा था। इस दौरान अचानक उसने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया और आग लगाकर बुजुर्ग के परिसर में भागने की वजह से भगदड़ की स्थिति हो गई। मौके पर मौजूद वकील और पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसने माचिस जलाकर खुद को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद वह चिल्लाते हुए इधर-उधर दौड़ने लगा तो हड़कंप मच गया। वहां मौके पर मौजूद रहे पुलिसकर्मियों और वकीलों ने कपड़ा और मिट्टी डालकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक बुजुर्ग 50 फीसदी जल चुका था। पुलिस ने बुजुर्ग को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वशिष्ठ नारायण गौड़ मिजार्मुराद के जोगापुर के रहने वाले हैं। उनकी 122 बीघा जमीन को लेकर पड़ोसी अरविंद बाबू से विवाद चल रहा है। इस संबंध में तहसील में मुकदमा चल रहा था। लेकिन कोर्ट ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया। इसके बाद उन्होंने डीएम के यहां अपील की थी लेकिन डीएम ने उनकी अपील निरस्त कर दी।

इसके बाद बुजुर्ग शुक्रवार को व्याथित होकर तहसील पहुंचे और खुद को आग के हवाले कर लिया। डाक्टरों के अनुसार बुजुर्ग की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में कीर्तन गायक अवधेश यादव की मौत

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के कागदीपुर गांव के सामने गाजीपुर-कासिमाबाद मार्ग पर देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कीर्तन गायक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकहां निवासी अवधेश यादव 60 वर्ष जो पराह बाबा मंदिर पर भंडारे में कीर्तन गाकर लौट रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये और गंभीर रुप से घायल हो गये। परिजन उन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बेटे के तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही हो रही है। मृतक अवधेश यादव एक कीर्तन गायक थे क्षेत्र में चर्चित थे।

## सड़क परियोजना का राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शनिवार को राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत दो सड़क परियोजना का शिलान्यास किया।जिन सड़कों का



शिलान्यास किया गया उसमें प्रमुख रूप से हरखपुर मोहल्ला में संजय गुप्ता के मकान से होते हुए रोड तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य, मोहल्ला हरखपुर कालोनी शकरमंडी में किशन सेठ के मकान से होते हुए रोड तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने कहा कि आम जनमानस के लिए मूलभूत सुविधाओं हेतु बजट की कोई कमी नहीं है। निरंतर सभी क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो रहे है।जनसमस्याओं का निराकरण कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।शिलान्यास के दौरान प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष उत्तरी श्रीमती सारिका सोनी, मनीष श्रीवास्तव, राजेंद्र मौर्या, मनोज कुशवाहा, प्रदीप तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित 50 से अधिक कार्मिकों का वेतन किया गया अवरुद्व

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर द्वारा यू डायस डाटा में स्टूडेंट फीडिंग एवं ड्रॉपबॉक्स में अत्यधिक पेंडेंसी होने के कारण विकास खण्ड धमापुर, बरसठी, सुजानगंज, शाहगंज, सिरकोनी, जौनपुर, केराकत, मड़ियाहूं, महराजगंज, के खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एम.आई.एस/एम आई एस इंचार्ज एवं सम्बंधित ब्लॉक के एम.आई.एस/क्वालिटी/ को-ऑर्डिनेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक लेखाकार, एवं कार्यालय सहायक का माह अगस्त का वेतन/मानदेय अवरूद्ध करते हुए सुधार न होने पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु चेतावनी दी गई तथा सम्बन्धित कार्मिकों को युद्व स्तर पर कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों को समयान्तर्गत कार्य पूर्ण न होने पर मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर किया प्रोत्साहित

**निमार्णाधीन छात्रावास का भी किया गया निरीक्षण**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बक्सा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय में



अध्ययनरत छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं के संदर्भ में वार्डन नूतन गुप्ता से जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने मेस में जाकर छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन,नाश्ता आदि के संदर्भ में जानकारी ली और निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, नाश्ता दिया जाए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा मेस की नियमित साफ सफाई कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मिलित होने के पश्चात, छात्राओं से संवाद किया गया तथा भारत के प्रधानमंत्री,गृहमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल आदि के नाम पूछने के साथ ही पहाड़ा भी पूछा गया। बच्चों ने बड़े बेबाकी से उनके प्रश्नों का उत्तर दिया, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और उनमें टॉफी और चॉकलेट वितरित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी के द्वारा कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराए जा रहे 100 बेड के निमार्णाधीन छात्रावास के निर्माण कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छात्रावास का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण है। उन्होंने कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता अजय सिंह को निर्देशित किया कि अवशेष कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कर ले जिससे छात्राओं को शीघ्र नए छात्रावास में स्थानांतरित किया जा सके। इस अवसर पर शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ, रसोइया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में चेयरमैन ने एसडीओ को दिया ज्ञापन

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय नगर में उपभोक्ताओं की अनुमति के विरुद्ध एजेंसी के द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर मानक की अनदेखी कर लगाया जा रहा है जिसका उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं। उक्त के विरोध में नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि एवं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता सहित भारी संख्या में व्यापारियों ने एसडीओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जिसमें एजेंसी की मनमानी पर रोक लगाने की मांग किया है। नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि ने एसडीओ राहुल उपाध्याय से सवाल किया कि उपभोक्ताओं के अनुमति के विरुद्ध स्मार्ट मीटर क्यों लगाया जा रहा है? स्मार्ट मीटर के साथ आर्म्डल्ड वायर भी नहीं लगाया जा रहा है एजेंसी के लोग क्यों मनमानी ढंग से स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने ज्ञापन देते हुए मांग किया कि



उपभोक्ताओं की अनुमति के बिना कहीं स्मार्ट मीटर न लगाया जाए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि एजेंसी उपभोक्ताओं के साथ जबरदस्ती कर रही है जबकि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता की अनुमति आवश्यक है।इस अवसर पर भारी संख्या में नगर के उपभोक्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# दुकान से घर वापस लौट रहे वृद्ध को अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर किया घायल, मोबाइल और नकदी छीनी

गौराबादशाहपुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर मनिहा निवासी 60 वर्षीय वृद्ध दुकानदार को थाना क्षेत्र के ही रामनगर बाजार से शनिवार की रात दुकान बंद कर घर वापस आते समय रास्ते में रोक कर मारपीट कर घायल कर दिया मोबाइल और बारह सौ रुपए छीन लिए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर थाने पर आकर घटना के बारे में तहरीर देने को कहा। गोविंदपुर मनिहा निवासी राधे विश्वकर्मा 60 की रामनगर अमरा में हसुआ खुरपी की दुकान है। जहां पर वह कृषि यंत्रों पर धार रखने का भी कार्य करते हैं। रोज की भांति शनिवार की रात आठ बजे दुकान बंद कर अपनी मोपेड से घर वापस आ रहे थे। बाजार के बाहर सुनसान स्थान पर स्थित एक पुलिया के पास पहले से मुंह बांधकर खड़े तीन बदमाशों ने राधे को रोक कर बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जाते-जाते कीपैड वाला मोबाइल और जेब में रखे बारह सौ नकदी भी छीन ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी रही। रविवार को राधे विश्वकर्मा ने घटना के बारे में थाने पर तहरीर दी है। इस मामले में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। छानबीन की जा रही है। मामला रंजिश का लग रहा है।

# श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति की बैठक सम्पन्न

**पुरस्कार वितरण समारोह एवं मां लक्ष्मी पूजनोत्सव पर बनी रणनीति**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद की समस्त लक्ष्मी पूजन समितियों की महासंस्था श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति की बैठक रविवार को सब्जी मण्डी में स्थित श्री दुर्गा माता मन्दिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष लाल बहादुर यादव नैपाली एवं संचालन महासचिव कृष्ण कुमार जायसवाल ने किया। संरक्षक डा.राम नारायण सिंह एवं रामजी जायसवाल की देख रेख में हुई बैठक में बीते वर्ष के कार्यों पर चर्चा की गयी। साथ ही आगामी पुरस्कार वितरण समारोह एवं मां लक्ष्मी पूजनोत्सव पर विचार विमर्श करते हुये कार्यक्रम की रणनीति भी तय किया गया। बैठक को संरक्षक डा. राम नारायण सिंह, रामजी जायसवाल, अध्यक्ष लाल बहादुर यादव नैपाली, महासचिव कृष्ण कुमार जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष/विशिष्ट सदस्य चन्द्रशेखर



निषाद बबलू, जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू, अजय पाण्डेय, विपणन अधिकारी अनिल गुप्त सहित तमाम वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुये अपना विचार रखा।इसी क्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने महासमिति के उत्थान, विकास, विस्तार के लिये तन, मन एवं धन से सदैव तत्पर रहने की बात कही। साथ ही यह भी तय किया गया कि महासमिति की अगली बैठक 31 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से नगर के सिपाह मोहल्ले में स्थित मां अचला देवी घाट पर स्थित मन्दिर प्रांगण में होगी।

इस अवसर पर कृष्णकान्त विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार यादव, संकल्प गुप्ता, श्रेयश जायसवाल, केतन गुप्ता, शशिकेश साहू, दिलीप जायसवाल, शिवा वर्मा, रोहन जायसवाल, राकेश वर्मा, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, नीरज शाह, शिवा गुप्ता, राहुल सिंह, आलोक सेठ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में संस्थापक स्व. सुशील वर्मा वर्मा के पुत्र वैभव वर्मा ने समस्त आगंतुकों का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया।

## सिद्धि अकादमी में ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट में 33 खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शहर के रूहट्टा मोहल्ले में सिद्धि अकादमी में रविवार की सुबह करीब 10 बजे ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान 33 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों में गजब का उत्साह भी देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बेल्ट ग्रेड की परीक्षाएं दीं। इस अवसर पर सिद्धि अकादमी की प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंह ने बताया कि ताइक्वांडो का वास्तविक अर्थ है।



शरीर की शक्ति, मन का संतुलन और जीवन में सफलता है। समस्त परीक्षाएं जौनपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अरविंद सिंह, प्रबंधक श्रीमती शिवाली सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज मानव की देखरेख में हुईं। इस अवसर पर सत्यदेव सिंह, कोच शिवम कौशिक, कोच पीयूष राज शर्मा तथा मीडिया प्रभारी आनंद उपस्थित रहे। सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय देते हुए ताइक्वांडो में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


मानी डेन्टल हास्पिटल

मिलने का समय- सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रत्येक दिन

सुविधायें-
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- दाँत के रंग का मसाला भरना
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों को सुन्दर बनाना
- जबड़े की हड्डी में नकली दाँत लगाना
- बत्तीसी लगाना (complete Denture)
- काउन (कंप) एवं ब्रिज लगवाने की सुविधा
- दाँतों का एक्स-रे (Digital X-Ray)
- बच्चों के मुख एवं दाँतों से सम्बन्धित सभी रोगों का इलाज
- दाँतों की ब्लीचिंग
- दाँतों की सफाई व रख-रखाव
- पायरिया का इलाज
- आधुनिक मशीनों द्वारा बिना दर्द के दाँतों की नसों का इलाज (RCT)
- कीड़े लगे दाँतों में दाँत के रंग की लेजर फिलिंग
- गुटखे द्वारा बन्द मुँह का सफल एवं सम्पूर्ण इलाज

डा0 सुफियान अहमद
डेन्टल सर्जन बी. डी. एस., एम. आई. डी. ए.
9616356786

पता- नियाज़ शापिंग सेन्टर गुरैनी रोड, मानीकलाँ - जौनपुर



नोबल हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
نوبل هاسپیٹل اینڈ ریسرچ سنٹر

डा. शारिक नदीम
M.B.B.S., MD
FICC (Cardiology)
फिजिशियन, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

डा. अभिजीत कुमार
M.B.B.S., M.I.M.A
जनरल फिजिशियन

डा0 इरफान अहमद
B.U.M.S.CCH (Indore)
N.D.E.P.C.

Helpline- 6307493268

◆ शुगर की जाँच
◆ HbA1c की जाँच
◆ हड्डी की जाँच (BMD)
◆ नस की जाँच (Neuropathy)
◆ फेफड़ों की जाँच (Spirometry)
◆ यूरिक एसिड
◆ कोलेस्ट्राल की जाँच
◆ थायराइड की जाँच

आजमगढ़ रोड, निकट- सेण्ट पैट्रिक स्कूल, पचहटियाँ, जौनपुर- 222001

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



डा0 नवीन कुमार सिंह
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ



डा0 शिल्पी सिंह
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

- फ्रेक्चर
- गठिया
- कमर दर्द
- ऑथराइटिस
- कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण
- इत्यादि रोगो का इलाज

- सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्यूमर का ऑपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा
- बच्चे की जाँच
- नार्मल डिलीवरी

आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध

नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050



# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल



डा0 स्पृहा सिंह
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद



डा0 जयेश सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा
- निशुल्क उपलब्ध है। ▪ इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्नपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)
05452-356274/ 7992031213, 9026551423



# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा. अरुण आर. सिंह
कन्सलटेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist STAR
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर



# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

The Culture of Care



डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञा)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना
संबद्ध अस्पताल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी



डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547


एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194
05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर


BAJAJ
ए. एम. बजाज
मो. अशहद
अब्दुल माजिद
मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139
9621032024, 9651316060, 9621139686


AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL
AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
TV
उत्तरशक्ति
NEWS
Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva
Kendra Related Services
7860303530, 9616636079
प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां
सह- संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ. प्र0)